**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 29.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सत्रह माओवादी मारे गए–इनमें पच्चीस लाख रूपये का इनामी जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिलासपुर जिले के मोहभट्‌टा में तैंतीस हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे–प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।**
- **प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।**
- **कल से चैत्र नवरात्र पर्व की होगी शुरूआत–इस दौरान मां शक्ति के नौ रूपों की आराधना की जाएगी।**

**माओवादी मुठभेड़**

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सत्रह माओवादी मारे गए हैं। इनमें ग्यारह महिला माओवादी भी शामिल हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें पच्चीस लाख रूपये का एक इनामी माओवादी कुहड़ामी जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। वह माओवादी संगठन के दरभा डिवीजन के सचिव के रूप में सक्रिय था। इस मुठभेड़ में चार जवान घायल हुए हैं, जिनमें डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के तीन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का एक जवान शामिल है। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। मुठभेड़ के बाद मौके से माओवादियों के अनेक हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र के गोगुंडा, नेन्डुम और उमापल्ली के आसपास के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सत्रह माओवादियों के मारे जाने पर सुरक्षाकर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट ''एक्स'' पर लिखा है कि केन्द्र सरकार इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुरक्षा बल के जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही देश और प्रदेश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्ति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने भी जवानों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

**माओवादी आत्मसमर्पण/गिरफ्तार/आईईडी विस्फोट**

उधर, बीजापुर जिले में भी आज हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि यह मुठभेड़ बासागुड़ा थाना क्षेत्र के टेकमेटा–नरसापुर के जंगल में हुई है। मौके से हथियार समेत विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। वहीं, भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के उसपरी गांव के पास आईईडी की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद महिला को भैरमगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी जिले में सुरक्षा बलों की टीम ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से छह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें भैरमगढ़ और बेदरे थाना क्षेत्र से तीन–तीन माओवादियों को पकड़ा गया है। इन माओवादियों पर मारपीट, आगजनी, अपहरण और हत्या के मामले अलग–अलग थानों में दर्ज हैं। इधर, दंतेवाड़ा जिले में आज पंद्रह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी पर माओवादी बैनर–पोस्टर लगाने और सड़क बाधित करने का आरोप है। आत्मसमर्पित सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं, इसी जिले से पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादियों को तब गिरफ्तार किया गया, जब वे आईईडी लगा रहे थे।

**प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल तीस मार्च को एकदिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वे बिलासपुर जिले के मोहभट्टा में तैंतीस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

वहीं, प्रधानमंत्री मोहभट्टा में आयोजित कार्यक्रम स्थल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर–रायपुर मेमू स्पेशल रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह मेमू ट्रेन अत्याधुनिक थ्री फेज मेमू रेक से सुसज्जित है। यह ट्रेन अभनपुर और रायपुर के बीच सुबह और शाम चलेगी। इस ट्रेन का स्टॉपेज केन्द्री, सीबीडी और मंदिर हसौद में दिया गया है।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**मुख्यमंत्री–कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित आईआईटी भिलाई एंड छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव : विजन विकसित भारत दो हजार सैंतालीस में शामिल हुए। इस मौके पर रिसर्च पार्क के लिए आईआईटी भिलाई और दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका होगी। ऐसे में उद्यम के लिए बदलती हुई तकनीक से तालमेल जरूरी है। वहीं, मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला "नेशनल कॉन्फ्रेस ऑन बैंक ऑडिट एंड एआई" में भी शामिल हुए।

**सौगात ए मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल "सौगात ए मोदी" के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की पांच सौ जरूरतमंद महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए। इस मौके पर श्री साय ने सभी को ईद की बधाई दी और कहा कि यह पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है। वहीं, कल रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में भी "सौगात ए मोदी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय की एक सौ पचास से अधिक महिलाओं को सौगात किट भेंट की गई।

**चैत्र नवरात्र**

कल से चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत होगी। इस दौरान मां शक्ति के नौ रूपों की आराधना की जाएगी। देवी मंदिरों में घट स्थापना कर ज्योति कलश भी प्रज्जवलित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा, रतनपुर और डोंगरगढ़ में स्थित शक्तिपीठों के अलावा अन्य देवी मंदिरों में आकर्षक साज–सज्जा की गई है। नवरात्र को लेकर डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी का दरबार सज–धज कर तैयार हो गया है। रेलवे प्रशासन ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के दौरान दस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव डोंगरगढ़ में दिया है। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि, हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**सरायपाली खदान–गैंगवार**

कोरबा जिले की सरायपाली खदान के पास कल रात हुई गैंगवार में कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने एक अन्य कोल ट्रांसपोर्टर रोशन सिंह ठाकुर सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक ने पाली थाना प्रभारी एसआई विनोद सिंह को लाइन अटैच कर दिया है। उनकी जगह उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''महासमुंद''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

– गरियाबंद जिले की फामेश्वरी यादव का चयन भारतीय सेना में महिला अग्निवीर के रूप में हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फामेश्वरी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह केवल चयन नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की बेटियों की हिम्मत और देशभक्ति का प्रमाण है।

– संबलपुर रेलमंडल के टिटलागढ़–लखोली और टिटलागढ़–संबलपुर सेक्शन में एक अप्रैल से पुल का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके कारण छब्बीस मई तक कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें टिटलागढ़–बिलासपुर–टिटलागढ़, विशाखापट्नम–रायपुर–विशाखापट्नम और रायपुर–जूनागढ़ रोड–रायपुर शामिल हैं।

– जशपुर जिले में पुलिस ने तपकरा इलाके से पंद्रह किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>